डिजिटिल शक्ति 4.0

हाल ही में [राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW)]() ने डिजिटिल शक्ति अभियान का चौथा चरण शुरू किया है।

- NCW ने इसे **साइबरपीस फाउंडेशन** और **मेटा** के सहयोग से लॉन्च किया।

डिजिटिल शक्ति:

- **परिचय:**
  - देश भर में डिजिटिल क्षेत्र में महिलाओं में जागरूकता स्तर को बढ़ाने में मदद करने के लिये जून 2018 में डिजिटिल शक्ति की शुरुआत हुई थी।
  - यह महिलाओं को उनके लाभ के लिये रिपोर्टिंग और निवारण तंत्र, डेटा गोपनीयता और प्रौद्योगिकी के उपयोग में मदद कर रहा है।
  - इस कार्यक्रम का तीसरा चरण मार्च 2021 में लेह में शुरू किया गया था।
- **डिजिटिल शक्ति 4.0:**
  - डिजिटिल शक्ति 4.0 महिलाओं को डिजिटिल रूप से कुशल और **किसी भी प्रकार के अवैध/अनुचित ऑनलाइन गतिविधि के खिलाफ डटकर खड़े होने के लिये जागरूक बनाने पर केंद्रित है।**
  - इसका उद्देश्य महिलाओं के लिये सुरक्षित साइबर स्पेस सुनिश्चित करना है।
- **उपलब्धियाँ:**
  - डिजिटिल शक्ति परियोजना के माध्यम से **पूरे भारत में 3 लाख से अधिक महिलाओं को साइबर सुरक्षा संबंधी सुझावों और उपायों,** रिपोर्टिंग एवं निवारण तंत्र, डेटा गोपनीयता तथा उनके लाभों के लिये प्रौद्योगिकी के उपयोग के बारे में जागरूक किया गया है।

राष्ट्रीय महिला आयोग:

- राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 के तहत **राष्ट्रीय महिला आयोग की स्थापना जनवरी 1992 में एक वैधानिक निकाय के रूप में की गई थी।**
- इसका प्राथमिक उद्देश्य उपयुक्त नीति निर्माण और विधायी उपायों के माध्यम से महिलाओं को उनके उचित अधिकारों को सुरक्षित करने में सक्षम बनाना और जीवन के सभी क्षेत्रों में समानता एवं समान भागीदारी हासिल करने में सक्षम बनाने की दिशा में प्रयास करना है।
- इसके कार्यों में शामिल हैं:
  - महिलाओं के लिये [संवैधानिक और कानूनी सुरक्षा उपायों]() की समीक्षा करना।
  - उपचारात्मक विधायी उपायों की सिफारिश करना।
  - शिकायतों के निवारण को सुगम बनाना।
  - महिलाओं को प्रभावित करने वाले सभी नीतिगत मामलों पर सरकार को सलाह देना।

[स्रोत: पी.आई.बी.]()

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/digital-shakti-4-0